# NCRES

## NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.&I.T.F.
Central Office : 464-AB, Nawab Yusuf Road, Prayagraj (U.P.)
Website : www.ncresindia.org | E-mail : rpsinghncr@gmail.com

**R. P. Singh**
*Gen. Secretary*
*&*
*Joint Gen. Secretary-NFIR*

Resi. 273-A, Nyay Vihar Colony
Sulem Sarai, Prayagraj - 211011
P&T (O) 0532-2560480, (R) 2972645

No : 165/NCRES/79/23

Date : 17.8.2023

श्रीमान प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः– ट्रेन नं0 22434 में 3AC के यात्रियों द्वारा ड्यूटी पर कार्यरत कन्डक्टर व अन्य स्टाफ को धमकी देना, प्रताड़ित करना, और उनके सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाना।

महोदय,

अवगत कराना है कि ट्रेन नं0 22434 में आनन्द विहार से प्रयागराज के बीच श्री राजीव रंजन मिश्रा, कन्डक्टर अधीन मुख्य टिकट निरीक्षक (लाइन), प्रयागराज कार्यरत थे और आनन्द विहार से ही ट्रेन नं0 22434 का वातानुकूलित संयत्र ठीक ढंग से कार्य नही कर रहा था, जिसे ठीक करने का प्रयास लगातार किया जा रहा था लेकिन AC ठीक नही हुआ जिसके कारण यात्रियों ने गाजियाबाद से गाड़ी चलने के बाद चेन पुल कर गाड़ी खड़ी कर दिया।

ACP के कारण ट्रेन खड़ी होने पर जब ट्रेन कन्डक्टर श्री राजीव रंजन मिश्रा B-1, B-2, B-3 की तरफ गये तो स्थिति तनाव पूर्ण थी। कन्डक्टर श्री राजीव रंजन मिश्रा ने यात्रियों को समझाने का प्रयास किया लेकिन यात्रियों ने कन्डक्टर से दुर्व्यवहार किया जिसकी सूचना कन्डक्टर ने CCNL/TDL व ALJN को दिया और उनसे AC ठीक कराने के लिये अनुरोध किया। इसके बाद जब ट्रेन अलीगढ़ में नही रूकी तो यात्रियों ने चेन खीचकर गाड़ी रोक लिया और जब AC ठीक हुआ तभी गाड़ी चल पायी।

यह भी अवगत कराना है कि ट्रेन नं0 22434 के यात्रियों ने COR के साथ अभद्र व्यवहार किया और उन्हें ढकेल कर Toilet में बन्द कर दिया तथा सरकारी कार्य में बाधा पहुँचाया। खेद का विषय है कि जब इसकी सूचना ट्रेन कन्डक्टर ने CCNL/TDL व ATM/TDL को दिया तो प्रशासनिक स्तर पर कन्डक्टर व अन्य स्टाफ की सुरक्षा के लिये कोई प्रभावी कार्यवाही नही किया गया, और यह उचित नही था। इस तरह के प्रशासनिक व्यवहार के कारण प्रयागराज मण्डल, झांसी मण्डल और आगरा मण्डल के टिकट चेकिंग स्टाफ में बहुत असंतोष है।

NCRES का अनुरोध है कि ट्रेन नं0 22434 में आनन्द विहार से टूण्डला के बीच की घटना की उच्च स्तरीय जांच करायी जाय और जिन यात्रियों ने ड्यूटी पर कार्यरत कन्डक्टर व अन्य स्टाफ को धमकी दिया, उनके सरकारी कार्य में बाधा पहुँचाया व उनसे दुर्व्यवहार किया, ऐसे यात्रियों के विरूद्ध FIR दर्ज कराने के लिये उचित निर्देश जारी किया जाय और की गई कार्यवाही से NCRES को अवगत भी कराया जाय।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री